दैनिक भास्कर 29/12/2022

# जीएमएन कॉलेज में मनाया वीर बाल दिवस

**अम्बाला** | जीएमएन कॉलेज में पंजाबी व संगीत विभाग की तरफ से वीर बाल दिवस पर बाबा जोरावर सिंह, बाबा फतेह सिंह की लासानी शहादत को समर्पित संयुक्त रूप से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्टूडेंट्स ने कविता उच्चारण, शब्द ध्यान, कथा वार्ता, बानी चर्चा में बढ़-चढ़कर भाग लिया। संगीत विभाग के प्रवक्ता डॉ. मनजीत कौर ने स्टूडेंट्स को शहादत से संबंधित जानकारी दी। संगीत विभाग से तरणबीर सिंह ने तबले पर शब्द गायन किया। मंच संचालन पंजाबी विभाग की सहायक प्रवक्ता डॉ. जसवीर कौर ने निभाई। कार्यक्रम में गुरजोत सिंह ने मित्र प्यारे नू शब्द गायन, महकप्रीत सिंह ने शब्द गायन किया। मौके पर प्रिंसिपल डॉ. वी के जैन, डॉ. सुदर्शन गासो मौजूद रहे।

